RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 18 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 206 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र में ओबीसी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफ? शिंदे सरकार का बड़ा फैसला...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों के लिए अच्छी खबर है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश के बाद राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बड़ा फैसला लिया है. जानकारी सामने आई है कि चंद्रकांत पाटिल राज्य में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफ करने की सिफारिश करेंगे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद



चंद्रकांत पाटिल को ऐसा प्रस्ताव देने का आदेश दिया है. इसके बाद चंद्रकांत पाटिल ने इस संबंध में सिफारिश करने का फैसला किया है. इस फैसले के बाद यह बात सामने आई है कि 642 कोर्सेज के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान करना होगा.

महाराष्ट्र में हाल में एक युवती ने बड़ा फैसला लिया था. फीस के लिए पैसे न होने के कारण इस युवती ने अपनी जिंदगी खत्म करने का बड़ा फैसला लिया था. उसने एक सुसाइड नोट लिखा था, ''सरकार मेरी फीस का 50 फीसदी हिस्सा दे रही है. मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देती हूं, लेकिन मेरे माता-पिता के पास फीस का शेष 50 प्रतिशत भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं.''इस घटना ने मुख्यमंत्री के मन को झकझोर कर रख दिया था. इस घटना के चलते मुख्यमंत्री ने राज्य में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफी का प्रस्ताव देने को कहा है. बताया गया है कि यह प्रस्ताव जल्द ही दिया जाएगा.

### कैबिनेट की मराठा आरक्षण उपसमिति की हुई बैठक

**इस बीच, आज कैबिनेट की मराठा आरक्षण उपसमिति की अहम बैठक हुई है. इस अवसर पर चंद्रकांत पाटिल ने मराठा समुदाय के छात्रों के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. चंद्रकांत पाटिल ने मराठा समुदाय के छात्रों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कितने हजारों करोड़ रुपये प्रदान किए हैं, इसका विस्तृत विश्लेषण किया. राज्य मंत्रिमंडल की आज की बैठक में मंगरुलपीर में सत्तर सावंगी बैराज को मंजूरी दे दी गई है. तो अब 1345 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होने जा रहा है, ऐसी जानकारी सामने आई है. राज्य कैबिनेट की बैठक में राज्य में ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्यों के लिए धनराशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है.**

### कैबिनेट में लिए गए कई फैसले

**बैठक में बालासाहेब ठाकरे स्मृति मातोश्री ग्राम पंचायत योजना का भी विस्तार करने का निर्णय लिया गया है. राज्य कैबिनेट में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया. अब शिक्षण संस्थान समूह विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेंगे. इस संबंध में दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी गई है.राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज राज्य आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पेश की गई.**

## प्रसिद्ध बेकरी के पाव में निकली मरी हुई छिपकली



**ठाणे :** इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में नरम और कड़क पाव आपकी जिंदगी का अहम हिस्सा हो गया है। सुबह नाश्ता करना है तो गर्म पाव, बाहर काम पर गए तो वड़ापाव, समोसा पाव.. मानो पाव आपकी जिंदगी के अंदर गुल बस गया है, लेकिन जरा यह सोचिए कि अगर रोज खाने वाले पाव के अंदर आपको मरी हुई छिपकली या कॉकरोच मिल जाए तो क्या होगा ? ताजा मामला है ठाणे जिले के भिवंडी शहर का है। यहां रोशन बाग इलाके के रहने वाले मोहम्मद नसीम ने सुबह-सुबह वड़ा पाव खरीदे थे। घर जाकर जब उन्होंने पैकेट खोला तो उसमें मरी हुई छिपकली मिली। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

बता दें कि हिंदुस्तानी होटल के पास एक दुकान से मोहम्मद नसीम ने सुबह 9 बजे के करीब 8 पाव खाने के लिए खरीदे, लेकिन जब वह पाव का पैकेट लेकर घर जाते हैं और उसे खोलकर खाने का प्रयास करते तो उसमें मरी हुई छिपकली दिखती है। मोहम्मद नसीम ने तुरंत पाव में मरी हुई छिपकली का वीडियो बना लिया और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी कि आप जब भी बेकरी या दुकान से पाव ले रहे हो तो उसे चेक करके लीजिए कि उसमें कोई मरी हुई छिपकली या कुछ और तो नहीं।

**दुकान मालिक ने क्या कहा ?**

इसके बाद नसीम शिकायत करने दुकान पर गए तो वहां दुकान मालिक मौजूद नहीं था तो फोन पर उससे बात हुई। मालिक ने बताया कि हम नारपोली इलाके की बेकरी से पाव लेते हैं। उन्होंने कहा, इसमें हमारी कोई गलती नहीं हैं। पाव जहां से आया है उसकी गलती है।

## मुंबई में अब भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में हक से सामान बेचेंगे हॉकर्स, रेलवे बना रही ये योजना

**मुंबईः** स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को शिफ्ट करने वाली मध्य रेलवे जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। जल्द ही मुंबई की लोकल ट्रेनों में चाय, समोसे और कटी हुई सब्जियां बेचते हुए लाइसेंसधारी हॉकर्स नजर आएंगे। इसके लिए 28 नवंबर के दिन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर बोलियां लगाई जाएंगी। एक अधिकारी ने बताया कि गैर यात्री किराया के तहत राजस्व प्राप्त करने के लिए यह योजना लाई जा रही है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 2 हजार हॉकर्स को लाइसेंस दिया जाएगा। इनमें से 1500 हॉकर्स लोकल ट्रेनों में जबकि 500 हॉकर्स लंबी दूरी की ट्रेनों में सामान बेचेंगे। इन्हें



मुंबई डिविजन में ही सामान बेचने की अनुमति दी जाएगी। उपगनरीय और गैर उपनगरीय ट्रेनों के लिए अलग से बोलियां लगाई जाएंगी। हॉकर्स को 3 साल तक सामान बेचने की मंजूरी मिलेगी। गैर उपनगरीय ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी। रेलवे की ओर से हॉकर्स की संख्या निर्धारित की गई है। इस तरह की संख्या बीएमसी द्वारा भी तय की गई है लेकिन मुंबई में लाइसेंसधारी हॉकर्स से करीब 20 गुना ज्यादा हॉकर्स हैं, इन पर अब बीएमसी का भी नियंत्रण नहीं है। पिछले कुछ सालों से मुंबई में हॉकर्स जोन बनानी की मांग हो रही है ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर हॉकर्स को लाइसेंस देने के बाद ट्रेनों में और स्टेशनों पर हॉकर जोन बनने की आशंका जताई जा रही है।

### रेलवे की शर्तें लागू

**-रेलवे द्वारा तय किए सामान, मुद्रित दाम पर ही बेचने होंगे।**
**-महानगरी एक्सप्रेस, राजधानी, दुरंतो और प्रीमियम ट्रेनों में नहीं होगी अनुमति।**
**-अधिकृत हॉकर्स को ड्रेस कोड और पहचान पत्र रखने होंगे। गैर उपनगरीय ट्रेन में 5 से ज्यादा वेंडर नहीं होंगे।**
**-लोकल ट्रेनों में रेल नीर ही बेचना होगा। खान-पान के सामान पर दाम और तारीख मुद्रित होनी चाहिए।**

## आदित्य ठाकरे ने लोअर परेल के डेलिसल रोड ब्रिज का किया उद्घाटन!

**मुंबईः** शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने मुंबई के पूर्व महापौरों और कार्यकताओं के साथ मिलकर गुरुवार देर रात लोअर परेल में डेलिसले ब्रिज के दूसरे कैरिजवे को खोलकर मामले को अपने हाथों में ले लिया। यह कार्रवाई शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर हुई. पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर और स्नेहल अंबेकर के साथ-साथ वर्ली के पूर्व विधायक सचिन अहीर और सुनील शिंदे सहित पार्टी नेताओं के साथ, ठाकरे वंशज ने जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए, पार्टी का झंडा लेकर कल रात पुल पर इकठ्ठा हुए।



आधिकारिक उद्घाटन में देरी पर निराशा व्यक्त करते हुए, आदित्य ठाकरे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ''डेलिसल ब्रिज का उद्घाटन। खोके सरकार से अब हमें वीआईपी नहीं चाहिए, जनता भुगत रही है...'' इससे पहले कल दिन में, ठाकरे ने बात की और कहा कि उन्होंने रेलवे के हिस्से पर लोड परीक्षण और रोशनी के लिए दो दिनों तक इंतजार किया। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर शुक्रवार तक नगर निगम ने इसे नहीं खोला तो नागरिक होने के नाते पार्टी मामले को अपने हाथ में ले लेगी। डेलिसल ब्रिज का इतिहास चुनौतियों से भरा रहा है। जुलाई 2018 में, आईआईटी-बी की रिपोर्ट में इसे असुरक्षित घोषित करने के बाद पुल को बंद कर दिया गया था।




# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

## शी-बाइडन मुलाकात

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बुधवार को हुई मुलाकात कई वजहों से अहम रही। अव्वल तो इसने दुनिया के मौजूदा तनावपूर्ण माहौल पर पानी के छींटे मारने का काम किया है। दूसरी बात यह कि दुनिया के दो सबसे ताकतवर देशों के प्रमुखों की इस मुलाकात के दौरान कूटनीतिक संतुलन साधने की कुशलता अपने बेहतरीन रूप में नजर आई। दोनों नेता ऐसे समय में मिल रहे थे, जब दुनिया रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास युद्ध की दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है और दोनों ही मामलों में चीन और अमेरिका की सहानुभूति परस्पर विरोधी खेमों के साथ जुड़ी है। जहां अमेरिका खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहा है, वहीं चीन रूस का साथ छोड़ने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर, अमेरिका इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का मुखर प्रवक्ता बना हुआ है तो चीन गाजा में नागरिक आबादी पर हमले की निंदा करने में आगे है। इन तात्कालिक मुद्दों के अलावा भी पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर दूरी इतनी बढ़ गई कि उसे दुनिया की दो सबसे बड़ी इकॉनमी के बीच ट्रेड वॉर कहा गया। साउथ चाइना सी और ताइवान जैसे मसलों पर चीनी आक्रामकता और उस पर रोक लगाने की कोशिशें तो अपनी जगह थीं ही। इन सबके कारण दोनों पक्ष आपसी दूरी को कम करना जरूरी समझ रहे थे।**

**जैसा कि मुलाकात के बाद जारी बयान में संकेत दिया गया कि 'ताइवान, टेक्नॉलजी, साउथ चाइना सी या रूस को चीनी सहायता जैसे मसलों पर तनाव को बढ़ने देने से उसके संघर्ष का रूप लेने का खतरा' है। इसी खतरे को टालने की दिशा में एक ठोस प्रगति यह हुई कि बैठक में सर्वोच्च स्तर पर बातचीत का चैनल हमेशा खुला रखने का फैसला किया गया। तय हुआ कि जब भी जरूरत होगी दोनों राष्ट्रपति फोन पर एक-दूसरे से बात कर लिया करेंगे। ऐसे संकेत मिले कि खास तौर पर आर्थिक मसले पर दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में उभरे मतभेद आने वाले समय में कुछ कम होते दिखेंगे। मगर इस बीच अंतरराष्ट्रीय सामरिक समीकरण जो रूप ले चुके हैं उसे देखते हुए न तो ये दोनों देश एक-दूसरे के ज्यादा करीब आ सकते हैं और न ही ऐसा परसेप्शन बनने दे सकते हैं। इस बात को लेकर सतर्कता भी चार घंटे चली इस मुलाकात के दौरान साफ नजर आई। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अच्छे मेजबान की भूमिका में रहे और यह बताया कि कैसे शी चिनफिंग के साथ उनके बरसों पुराने रिश्ते हैं, लेकिन उन्हें पुराना दोस्त बताने की रवायत से सचेत रूप में बचे रहे। यही नहीं, इस मुलाकात के कुछ घंटे के अंदर ही मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए शी चिनफिंग को तानाशाह बताने वाला अपना पुराना बयान भी दोहरा दिया। साफ है कि दोनों महाशक्तियों के रिश्तों के समीकरणों में तत्काल कोई नाटकीय बदलाव नहीं आने वाला।**

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# लोखंडवाला और यारी रोड को जोड़नेवाले पुल के लिए 42 करोड़ का टेंडर जारी

**मुंबई :** अंधेरी-पश्चिम के लोखंडवाला और यारी रोड को जोड़नेवाले पुल की योजना पिछले कई वर्षों से बनी थी, लेकिन राज्य में आयी शिंदे सरकार और मनपा में प्रशासक की निष्क्रियता से यह योजना ठंडे बस्ती में चली गई। इस योजना को पुनः शुरू करने के लिए स्थानीय लोगों ने मनपा को कई बार जगाने का प्रयास किया, लेकिन गहरी नींद में सोई मनपा शायद अब जागी है। मनपा की यह योजना अब एक बार फिर पटरी पर लाई जा सकती है, ऐसा दावा अधिकारियों की ओर से किया जा रहा है।




अंधेरी-पश्चिम का इलाका बहुत बड़ा है यहां लोखंडवाला एक तरफ है तो यारी रोड दूसरी तरफ है और इन दोनों इलाकों के बीच में खाड़ी है। इस खाड़ी के बीच से यारी रोड और लोखंडवाला को कनेक्ट करने के लिए योजना मनपा की ओर से प्रस्तावित थी, लेकिन पिछले कई दिनों से वर्षों से इस योजना को नजरअंदाज किया जा रहा था। अब जब लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है तो मनपा ने इस पर विचार कर काम शुरू किया है। यारी रोड जंक्शन और लोखंडवाला बैक रोड पर वाहन पुल के निर्माण के लिए ४२ करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया है। माना जा रहा है कि यह पुल बनाने के बाद ३५ मिनट यात्रा का समय घटकर पांच मिनट होने की उम्मीद है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि पुल की यह योजना दो दशकों से बन रही है, लेकिन लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों के कारण इसका क्रियान्वयन बाधित हो रहा था। लोखंडवाला ओशिवरा सिटीजंस एसोसिएशन के धवल शाह ने कहा कि यह पुल यारी रोड और वसोर्वा निवासियों के लिए उत्तर की ओर यात्रा के लिए आवागमन के समय को कम कर देगा तथा वसोर्वा-बांद्रा समुद्री लिंक बनने पर क्षेत्र व्यस्त हो जाएगा, तब यह एक वैकल्पिक सड़क के रूप में काम करेगा। परियोजना का कार्य १८ महीने में पूरा होगा। मनपा के अनुसार, पुल पहली बार २००२ में प्रस्तावित किया गया था और २०१४ में एक निविदा जारी की गई थी। उस समय परियोजना की लागत १६ करोड़ रुपए आंकी गई थी और एक ठेकेदार नियुक्त किया गया था। हालांकि, कानूनी अड़चनों के कारण यह आगे नहीं बढ़ पाया।

मनपा अधिकारी ने अब इस परियोजना को पर्यावरण के अनुकूल बताते हुए कहा कि यह पुल लोखंडवाला और वसोर्वा के बीच एक खाड़ी के बीच से होकर दो घनी आबादी वाले स्थान को जोड़ रहा है। साथ ही इसके बनने से यात्रा का समय अब ३५ मिनट से घटाकर पांच मिनट हो जाएगा। इससे यातायात की भीड़ कम होगी और ईंधन की खपत भी कम हो जाएगी। मनपा ने लोगों को आश्वासन दिया है कि पेड़ दोबारा लगाए जाएंगे और कहा कि वह वन विभाग की मंजूरी का इंतजार कर रही है, क्योंकि यहां अन्य अनुमतियां लेनी जरूरी है।

# वाइन शॉप के पास 3 तोले सोने की चेन और मोबाइल की लूट

## महज 2 से 3 घंटे में भूरा सहित 4 आरोपी गिरफ्तार



**फजल शैख**

**मुंब्रा :** मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास चेन स्नेचिंग लूट की घटना सामने है सीमा वाइन शॉप से वाइन खरीदने के दौरान चार लोगों इस शख्स को पकड़ लिया और इसके गले से 3 तोले की चेन और मोबाइल फोन चीन कर फरार हो गए, हालांकि मुम्ब्रा पुलिस को इसकी शिकायत जैसे ही मिली महज 2 से 3 घंटे में 4 युवकों को अमृत नगर से गिरफ्तार कर लिया जिसमे एक का नाम भूरा है ,,सीसीटीवी फुटेज में साफ देख सकते है कि मुम्ब्रा आनन्द कोली वाड़ा के रहने एले अनंत रघुनाथ सावंत वाइन ले रहे है और पीछे तरफ काले शर्ट वाले के साथ 3 युवक खड़े है जैसे ही अंनत आगे बढ़ते है ईनमे से ग्रीन टी शर्ट वाला गार्डन पर हाथ रखता मगर चेन निकालने में कामयाब नही हो पाया और अंनत घबरा कर वापस शॉप पर आ जाता है कुछ देर बाद जैसे ही शॉप से आगे बढ़ता है फिर ये लोग दौड़ा कर गले की चेन और मोबाइल फोन चीन लिया और मारपीट भी किया ये वारदात 9 से साढ़े 9 के बीच मे हुई है अंनत ने मुम्ब्रा पुलिस में इसकी शिकायत की और बताया कि एक लाख रुपये से ज्यादा कीमत का उनका सोने का चेन था और 15 हजार कीमत का मोबाइल पुलिस ऋक्क्फ दर्ज कर भूरा सहित 4 लोगो की गिरफ्तार किया है एक बात और बतादे की ये वही सीमा वाइन शॉप है जिसके खिलाफ संगीता दहवने ने प्रशासन में लेटर दियाथा के लोग रास्ते मे ही खड़े हो कर पीते है और यहां से महिलाओं और बच्चों का आना जाना होता शॉप मालिक से भी कहा गया था कि शॉप के सामने किसी को खड़े मत रहने दो मगर उसके बावजूद यही पर लोग खड़े रहते और इस तरह की चेन स्निचिंग लूट की घटना सामने आई ,,अगर इसी तरह से यहां फुटपाथ पर खड़े होकर पियेंगे लूट पाट होगी तो महिलाओं और बच्चों सहित राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

# भाजपा नेता पर तलवार से हमला, हमलावर गिरफ्तार



**अफजल शैख**

**मीरा भायंदर :** भारतीय जनता पार्टी उत्तरभारतीय मोर्चा के मीरा भायंदर उपाध्यक्ष और उनके साथी पर तलवार से हमला करनेवाले हमलावर को पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है। भाजपा नेता आशुतोष मिश्रा अपने सहयोगी बिपिन के साथ पूनम सागर परिसर में थे उसी समय मीरा भायंदर परिसर से तड़ीपार सोनू मेंटल और उसके साथियों ने अचानक उनपर हमला कर दिया।

सोनू मेंटल तलवार लहराते हुए पीड़ितों को धमकाते हुए हमला कर भाग गया। लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पर सवाल उठता है कि तड़ीपार सोनू मेंटल शहर में सरेआम घूम कैसे रहा था? घायल आशुतोष मिश्रा के अनुसार सोनू मेंटल गांजा पी रहा था। मिश्रा को कुछ शक हुआ तो उन्होंने सोनू को वहां से जाने को कहा। इसी बात से नाराज हो कर हमले की घटना को अंजाम दिया गया। मिश्रा के अनुसार हमले के दौरान ही उनके सोने की चैन भी हमलावर खींच कर भाग गए। नयानगर पुलिस निरीक्षक के अनुसार सोनू मेंटल को गिरफ्तार कर लिया गया है और गिरफ्तार आरोपियों पर 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




# 'ओबीसी आरक्षण बचाओ' सभा से अजित पवार गुट के मंत्री ने जरांगे पाटिल को दी चेतावनी !

## बोले- मुझे मत छेड़ वरना मैं तुझे छोड़ूंगा नहीं

**जालना:** महाराष्ट्र में इन दिनों मराठा आंदोलन बनाम ओबीसी आंदोलन बनता नजर आ रहा है। आज जालना के अम्बड़ तालुका में डइउ समुदाय के लोगों ने सभा की। इस सभा में अजित पवार गुट के मंत्री और ओबीसी के सबसे बड़ा चेहरा छगन भुजबल भी शामिल हुए। छगन भुजबल ने सभा को संबोधित करते हुए मराठा आंदोलन पर खूब निशाना साधा। बता दें कि इसी तालुका के एक गांव में मनोज जरांगे पाटिल भूख हड़ताल पर बैठें हैं। साथ ही मराठा आंदोलन के सूत्रधार जरांगे पाटिल को चेतावनी तक दे डाली। छगन भुजबल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा मंडल आयोग ने ओबीसी को आरक्षण दिया है और शरद पवार ने मंडल आयोग को राज्य में लागू किया, मंडल आयोग को वीपी सिंह ने स्वीकार किया और तब जाकर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया।

**"तेरी तरह ससुराल की रोटी नहीं खाता"**

छगन भुजबल ने आगे कहा हमने शरद पवार साहब से विनती की कि मंडल कमीशन को लागू किया जाए। भुजबल ने मनोज जरांगे पर तंज कसते हुए कहा कि मराठा आरक्षण का एक नया भगवान पैदा हुआ है, ये सुबह उठते हैं और कहते है कि हमारे बच्चे तो क्या दूसरों के बच्चे नहीं हैं, मनोज जरांगे पाटिल कहता है कि मैं 2 साल बेसन की रोटी खा रहा था। उससे कहना चाहता हूं कि मैं भी 2 साल जेल में था और बेसन रोटी खा रहा था। अब



अपने मेहनत की रोटी खाता हूं, तेरी तरह ससुराल की रोटी नहीं खाता।

**"छत्रप्रति ने मुगलों की महिलाओं को भी माता जैसा सम्मान दिया"**

मंत्री ने कहा कि इस आंदोलन में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। 70 पुलिस महिला कॉन्स्टेबल सहित हॉस्पिटल में दाखिल हुए। पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल को हॉस्पिटल ले जाने की विनती की लेकिन वह नहीं माना। अरे छत्रप्रति शिवाजी महाराज ने मुगलों की महिलाओं को भी माता जैसा सम्मान दिया है और आपने महिला कॉन्स्टेबल पर हमला किया।

**शरद पवार को पूरा सच नहीं बताया गया**

मंत्री भुजबल ने आगे कहा कि लाठीचार्ज के बाद मनोज जरांगे पाटिल रात को घर चले गए। फिर उसके घर रात को 3 बजे रोहित पवार और राजेश टोपे गए और सुबह शरद पवार को लेकर आए, उनको (शरद पवार) अगर सच बताया होता तो परिस्थिति अलग होती। शरद पवार साहब एक बेहतरीन प्रशासक है, पर उनको पूरा सच नहीं बताया गया। मंत्री भुजबल ने दावा किया कि आंदोलन में सभी को कोड नंबर दिए गए थे, उन्होंने कुछ के नाम गिनवाए कि 1 नंबर प्रकाश सोलंके , जयदत्त क्षीरसागर-31 नंबर।

### "मुझे मत छेड़ वरना मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा"

**मंत्री ने फिर कहा कि आंदोलन में पेट्रोल बम फेंक कर लोगों के घर जला दिए गए, उनके घर में भी बच्चे हैं। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपने लोगों के घर नहीं जलाए। जरांगे पाटिल को मैं कहना चाहता हूं की मुझे मत छेड़ वरना मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा। हमारी मांग यही ही कि जाति आधारित जनगणना हो, सभी यही मांग कर रहे हैं, ये जैसे ही होता है तो फिर जनगणना करने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। कुनबी सर्टिफिकेट मिलने पर ओबीसी की सुविधा मिल जाएगी। क्या आप गलत सर्टिफिकेट देंगे, 60 प्रतिशत ओबीसी बीजेपी को मतदान करते है।**

### क्या महाराष्ट्र में आपकी जमींदारी है...

**मंत्री ने कहा कि आंदोलन कर आपने नेताओं की गांव में बंदी करा दी। क्या महाराष्ट्र में 7/12(आपकी जमींदारी) है, आप लोग मुझे फोन करके कहते हैं कि आपके पोस्टर फाड़ दिए हैं। सरकार है या नहीं, पुलिस है या नहीं, आपने अगर पक्षपात किया तो ओबीसी भी शांत नहीं बैठेगा, जैसे को तैसा जवाब दिया जाएगा। मेरा सवाल है कि अगर ओबीसी का आरक्षण चला जाएगा तो फिर ये 60 प्रतिशत क्या आपको वोट करेंगे? मैंने कभी मराठा का द्वेष नहीं किया मैं तो शरद पवार जो मराठा हैं, उनके साथ रहा आज अजित पवार के साथ हूं। पंढरपुर के भगवान को भी क्या अब तुमने अपनी जात लगा दी?**

## मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग... फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक आवासीय इमारत की आठवीं और 12वीं मंजिल पर शुक्रवार सुबह आग लग गई। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग ने इमारत की 15वीं, 21वीं और 22वीं मंजिल पर रहने वाले कई लोगों को बचाया और उन्हें सीढ़ियों के रास्ते छत पर सुरक्षित पहुंचा दिया है। अधिकारी ने बताया कि आग अगस्त क्रांति रोड पर धवलगिरि इमारत की आठवीं और 12वीं मंजिल पर सुबह करीब नौ बजकर 30 पर आग लगी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और आग लगने का कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग के अनुसार, आग आठवीं और 12वीं मंजिल पर फ्लैट के बिजली के तारों और उपकरणों, फर्नीचर, दरवाजे और घरेलू सामान तक ही सीमित रही।

## मुंबई के हर क्षेत्र में एक अभियान के तौर पर सफाई की जाए - एकनाथ शिंदे



**मुंबई:** मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त को बीएमसी के माध्यम से मुंबई शहर और उपनगरों के सभी रेलवे स्टेशनों पर शौचालयों की सफाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज यहां दिया। वर्षा आवास पर हुई बैठक में मुंबई शहर में साफ-सफाई और प्रदूषण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मुंबई के रेलवे स्टेशनों के शौचालयों को लेकर भी चर्चा हुई थी। मुख्य सचिव मनोज सौनिक, मनपा आयुक्त आई. एस. चहल, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के. एच. गोविंदराज और मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ। सुधाकर शिंदे उपस्थित थे। मुंबई की प्रमुख सड़कों, फुटपाथों, चौराहों को नियमित रूप से साफ किया जाना चाहिए।

उसके लिए अधिक मैन पावर तैनात करने का निर्देश दिया गया है। शहर और परिसर के प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए जो उपाय योजनाएं बनाई गई हैं, उन पर प्रभावी अमल किए जाने का निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने इस अवसर पर दिया। मुंबई को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक अभियान के रूप में काम करते हुए हर इलाके में सड़कों, फुटपाथों और गटर को साफ करने के लिए प्रतिदिन 50 से 100 कर्मचारी साफ- सफाई का काम करते हैं। अन्य क्षेत्रों से कामगार को वहां बुलाकर साधारण तौर पर एक हजार कामगारों से उस क्षेत्र की सफाई कराई जाए।

इस प्रकार दिसंबर महीने से मुंबई के प्रत्येक क्षेत्र में अभियान के रूप में काम करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। इस मौके पर उन्होंने मुंबई में प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। लाखों मुंबईकर प्रतिदिन लगभग 108 स्टेशनों से होकर उपनगरीय रेलवे से यात्रा करते हैं। रेलवे स्टेशनों पर शौचालयों का उपयोग यात्रियों द्वारा किया जाता है। ऐसे में शौचालयों में स्वच्छता हो और उनकी नियमित सफाई होती रही, इसके लिए मुंबई महानगरपालिका पहल करते हुए रेलवे प्रशासन को सहयोग करे, ऐसा निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से टेलीफोन पर चर्चा की।

## वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई... वसूला गया लाखों रुपए जुर्माना



**विरार :** मुंबई- अहमदाबाद महमार्गों के साथ वसई-विरार भीतरी शहर की सड़कों पर भारी यातायात था, वाहन चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने से परेशानी बढ़ जाती है। शहर के पैदल यात्री और वाहन चालक प्रभावित हैं। उपप्रादेशिक परिवहन विभाग ने पालघर जिले में दिवाली के दौरान एक विशेष अभियान चलाया और 665 मोटर चालकों की जांच की, इस कार्रवाई में विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों से एक लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया। ज्ञात हो कि, वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने से हाईवे पर दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, ऐसी दुर्घटनाओं के कारण अक्सर यात्रियों की मौत हो जाती है और महमार्गों पर यातायात की भीड़ भी बढ़ जाती है। वाहन चालक नियमों का पालन करें इसके लिए पालघर जिले में समय-समय पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। यातायात विभाग, उपप्रादेशिक परिवहन विभाग द्वारा निर्देश, मार्गदर्शन एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। हालांकि, ड्राइवरों द्वारा अक्सर नियमों को दरकिनार कर दिया जाता है, इसलिए उपप्रादेशिक परिवहन विभाग अधिकारी दशरथ वाघुले के मार्गदर्शन में टीम ने घोड़बंदर से आच्छाड तक वाहनों का निरीक्षण किया।

## महाराष्ट्र के ठाणे में मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत, कई लोग गंभीर रूप से घायल

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को शाहपुर के पास बामने फाटा में हुई। शाहपुर पुलिस स्टेशन के स्टेशन




हाउस अधिकारी के अनुसार, तकदीर मुक्ने (30) और उसके पीछे एक सवारी बैठा हुआ एक दोपहिया वाहन विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल से टकरा गया। हादसे में मुक्ने और दूसरी बाइक पर सवार सागर गोरे (32) की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




# 12 साल के इंतजार के बाद मुंबई वालों को मिला बड़ा तोहफा, नवी मुंबई लाइन को मिली हरी झंडी




**ठाणे :** आखिरकार 12 साल के इंतजार के बाद नवी मुंबई में बेलापुर और पेंडार के बीच मेट्रो रेल लाइन- एक पर शुक्रवार से सेवाएं शुरू हो जाएंगी। राज्य की शहर और औद्योगिक विकास निगम ने यह जानकारी दी. सिडको ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर बिना किसी आधिकारिक कार्यक्रम के 11.10 किलोमीटर लंब मार्ग पर मेट्रो सेवाएं जनता के लिए शुरू की जा रही हैं. रिपोर्ट के अनुसार, मेट्रो सेवा शुक्रवार को पेंडार से बेलापुर टर्मिनल और बेलापुर टर्मिनल से पेंडार के बीच दोपहर 3.00 बजे शुरू होगी जिसमें आखिरी मेट्रो ट्रेन रात को 10 बजे होगी. वहीं, 18 नवंबर से मेट्रो सुबह छह बजे से शुरू होगी. इस मार्ग पर अंतिम मेट्रो 10 बजे तक होगी और ट्रेन हर 15 मिनट पर आएगी.

**कुल कितने स्टेशन से होकर गुजरेगी मेट्रो?**

इस मेट्रो लाइन पर कई स्टेशन शामिल हैं- बेलापुर रेलवे स्टेशन, सेक्टर -7 बेलापुर, साइंस पार्क, उत्सव चौक, सेक्टर 11 खारघर, सेक्टर -14 खारघर, सेंट्रल पार्क, पेथापाड़ा, सेक्टर -34 खारघर, पंचानंद, और पेंडार टर्मिनल शामिल हैं.

# मांगी थी रेप के बाद जन्मे बच्चे के डीएनए जांच की मांग... हाई कोर्ट ने किया इनकार

**मुंबई:** मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि अडॉप्शन में दिए गए बच्चे का डीएनए टेस्ट कराना उसके हित में नहीं है। कोर्ट ने यह बात रेप से जुड़े मामले में एक आरोपी को जमानत देते हुए कही है। नाबालिग पीड़िता (17 वर्ष) ने बच्चे को जन्म देने के बाद एक गैर सरकारी संस्था को सौंप दिया था। इस संस्था से बच्चे को एक दंपती ने अडॉप्ट कर लिया। अब संस्था पुलिस को उस बच्चे को गोद लेनेवाले अभिभावकों की जानकारी नहीं दे रही है। लिहाजा पुलिस डीएनए टेस्ट के लिए बच्चे का सैंपल नहीं ले पाई है। जस्टिस जी. ए. सानप ने पुलिस की मुश्किल को तर्कसंगत मानते हुए कहा कि अडॉप्शन में सौंपे गए बच्चे का डीएनए टेस्ट उसके हित में नहीं हो सकता है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीएनए टेस्ट के संबंध में उठाए गए कदमों पर पुलिस को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। पुलिस ने डीएनए सैंपल को हासिल करने से जुड़ी कठिनाई का खुलासा किया था।



**'पुलिस ने नहीं सौपी डीएनए रिपोर्ट'**

दो साल 10 माह से जेल में बंद आरोपी के खिलाफ साल 2020 में आईपीसी की धारा 376(2 एन) और पॉक्सो कानून की धारा 4,8,12 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने कहा कि पुलिस को बच्चे के डीएनए जांच के लिए पर्याप्त समय दिया जा चुका है। इसके बावजूद टेस्ट कराने में वह नाकाम रही है। उम्र की जांच के लिए पीड़िता का ऑसिफिकेशन टेस्ट हुआ था, जिसमें उसकी उम्र 17 से 18 वर्ष बताई गई है। आरोपी और पीड़िता के बीच रजामंदी से संबंध बने थे। ऑसिफिकेशन टेस्ट में उम्र को लेकर हमेशा दो साल का अंतर रहता है, ऐसे में आरोपी की जेल में लंबी अवधि को देखते हुए उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

**क्या है पूरा मामला**

आरोपी ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया था कि वैसे तो पीड़िता की उम्र 17 वर्ष है और उनके बीच संबंध सहमति से बने थे। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपी ने लड़की के साथ जबरदस्ती संबंध बनाए थे,जिससे वह गर्भवती हो गई थी। आरोपी को 2020 में ओशीवारा पुलिस ने दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण (पोस्को) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि वह इस स्तर पर आरोपी की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकता कि पीड़िता ने संबंध के लिए सहमति दी थी, लेकिन चूंकि आरोपी 2020 में गिरफ्तारी के बाद से जेल में है इसलिए जमानत दी जानी चाहिए।

**'भविष्य में ट्रायल पूरी होने की संभावना कम'**

**सरकारी वकील ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि वारदात के समय विक्टिम नाबालिग थी। आरोपी ने शादी का वादा कर जबरन संबंध बनाए। आरोपी को जमानत दी गई, तो वह विक्टिम पर दबाव बना सकता है। इस पर जस्टिस सानप ने कहा कि अब तक आरोपी के खिलाफ आरोप तय नहीं किए गए हैं। भविष्य में भी ट्रायल पूरी होने की संभावना धूमिल नजर आ रही है। ऐसे में आरोपी की जेल में लंबी अवधि और केस की समग्र स्थिति को देखते हुए उसे 25 हजार रुपये के बॉन्ड और श्योरेटी पर सशर्त जमानत दी जाती है।**

# पटाखे फोड़ने पर विवाद, युवक पर जानलेवा हमला



**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस क्षेत्र के संतोष भवन में पटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक पर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह पूरी तरह जख्मी हो गया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जब्बरपाड़ा निवासी रिजवान इकबाल चौधरी (20) ने शिकायत दर्ज कराई कि 12 नवंबर को उस का चचेरा भाई फैजल बाहर फटाखे फोड़ रहा था तभी पड़ोस में रहने वाले मोकिम शेख ने फैजल को पिटना शुरू कर दिया। इस बीच रिजवान के पिता झगड़ा छुड़ाने गये तो मोकिम के दोनो भाई वाहिद और शमिम ने उनके पिता और फैजल की पिटाइ कर दी।

# 'गद्दारों को बाला साहेब के स्मारक...', शिंदे और उद्धव गुट के कार्यकर्ता के भिड़ने पर बोले राउत

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से खींचतान जारी है। इस बीच, गुरुवार को बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देने शिवाजी पार्क पर आए उद्धव और शिंदे गुट के नेता आपस में ही भिड़ गए थे। इस पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा कि गद्दार और विश्वासघाती लोगों को बाला साहेब के स्मारक पर आने का नैतिक अधिकार नहीं है। दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शाम को बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देने मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंचे थे। यहां नारेबाजी के दौरान दोनों गुट के बीच झड़प हो गई थी। बता दें, शुक्रवार को बालासाहेब की 11वीं पुण्यतिथि है।

**शिवसेना को बदनाम करने की कोशिश**

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि जिन लोगों ने सत्ता के लिए बाला साहेब ठाकरे के सत्ता के आदर्शों के प्रति निष्ठाहीनता दिखाई है और शिवसेना को बदनाम करने की कोशिश की है। इतना ही नहीं, भाजपा के साथ हाथ मिलाकर शिवसेना को खत्म करने के लिए शामिल हो गए हैं। उन लोगों को बाला साहेब के स्मारक पर आने का नैतिक अधिकार नहीं है। इसलिए लोगों ने इसका विरोध किया। राउत ने आगे कहा कि यह ठीक है कि सीएम आए क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं। लेकिन जो लोग गद्दार और विश्वासघाती हैं, उन्हें यहां आने का अधिकार नहीं है।



**यह है पूरा मामला**

जानकारी के अनुसार, सीएम शिंदे के कार्यक्रम में कार्यकताओं ने नारे लगाए थे कि शिवसेना उनकी पार्टी है। इसी बात से नाराज उद्धव गुट के कार्यकताओं ने गद्दारों वापस जाओ के नारे लगाए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया था। मामले में मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। कानून व्यवस्था में कोई दिक्कत न हो इसलिए वह एक दिन पहले ही श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि वह घटना की निंदा करते हैं। उद्धव गुट के नेता अनिल देसाई और अनिल परब मेरे जाने के बाद पार्क गए थे, उन्होंने नारेबाजी की। शांति को भंग करने का प्रयास किया।

# पहले चार साल की बेट को फांसी पर लटकाया फिर दंपती ने की खुदकुशी... सुसाइड नोट में चौकाने वाला खुलाशा

**हैदराबाद :** एक दिल दहलाने वाली घटना में हैदराबाद में एक दंपती ने पहले अपनी चार साल की बेटी को फांसी पर लटका दिया और फिर आत्महत्या कर ली। घटना शहर के मुशीराबाद इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि साईं कृष्णा और चित्रकला ने गंगापुत्र कालोनी में अपने किराए के घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी तेजस्वी को फांसी पर लटका दिया।

घटना का पता शुक्रवार सुबह चला जब एक पड़ोसी ने दंपती के घर का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। पड़ोसी ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के आने के बाद दरवाजा तोड़ा गया और तीनों को रस्सी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। दंपती ने घर के दीवारों पर आत्महत्या के कारणों के बारे में लिखा है। धन के दुरुपयोग के आरोप में चित्रकला को एक निजी संस्था में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था।



सुसाइड नोट में उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके साथ अन्याय हुआ और बड़े अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद न्याय नहीं मिला। साईं कृष्णा एक ऐप-आधारित सेवा में ड्राइवर के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि दंपती ने गुरुवार को यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com